## संपादकीय

# आफत की बारिश

लंबे इंतजार के बाद जब मानसून ने देश के विभिन्न भागों में दस्तक दी तो राहत के साथ आफत भी बरसी। यूं तो देश के तमाम इलाकों में जलभराव और बाढ़ जैसे हालातों से लोगों को दो-चार होना पड़ा है, लेकिन महाराष्ट्र में स्थिति विकट है। मुंबई, पुणे और कोंकण के इलाकों में अतिवृष्टि के बीच जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। रायगढ़ में भूस्खलन व जलभराव से बड़ी संख्या में लोगों के मरने की खबरें हैं। सदियों से देश में मानसूनी फुहारें जन के तन-मन को भिगोती रही हैं। जीवनदायिनी बूंदों का महीनों इंतजार रहता था। उसके लिये इंद्रदेव की तरह-तरह से पूजा अर्चना और टोटको का जिक्र पौराणिक ग्रंथों व लोककथाओं में विद्यमान है। अब सवाल यह है कि जीवनदायिनी मानसूनी बारिश जानलेवा क्यों हो रही है? इसके कारणों की पड़ताल करें तो पाते हैं कि यह केवल भारत की ही समस्या नहीं है। जर्मनी समेत यूरोप के कई देशों ने हाल में अतिवृष्टि से जो तबाही देखी, वैसे हालातों को पिछले सैकड़ों सालों में नहीं देखा गया। उनका सिस्टम ऐसी आपदा से निपटने के लिये तैयार ही नहीं था। उनके लिये बाढ़ का आना ही अचरज भरा है। चीन में कई बांधों के टूटने के बाद तबाही का जो आलम है, वह दुनिया की नंबर एक ताकत बनने को आतुर चीन को आईना दिखा रहा है। अमेरिका के जंगलों में लगी आग, कनाडा में झुलसाती गर्मी और बर्फानी साइबेरिया में लू के थपेड़ों ने कुदरत के कहर की दास्तां लिखी है। पर्यावरण के प्रति जागरूक बिरादरी और विकासशील देश जिस ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिये विकसित व धनाढ्य देशों से गुहार लगाते रहे, उसकी जमीनी हकीकत ये संपन्न मुल्क अब महसूस कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि विश्वव्यापी कोरोना महामारी के बाद ये आसमानी आफत इनसान को उसके बौने कद का अहसास करा रही है। साथ ही भारत जैसे विकासशील देशों के लिये नसीहत भी है कि ग्लोबल वार्मिंग के आसन्न संकटों से निपटने को शासन-प्रशासन की नीतियों को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित किया जाये।

बीते बृहस्पतिवार को हरियाणा के गृह व स्थानीय निकाय मंत्री अनिल विज द्वारा गुरुग्राम नगर निगम कार्यालय का अचानक निरीक्षण किया गया। मंत्री के छापे में तमाम कर्मचारी नदारद मिले, कुछ देर से पहुंचे तथा कुछ यूं ही टहलते मिले। मंत्री ने फाइलें खंगाली तो जल निकासी व सफाई बाबत शिकायतों के अंबार मिले। कुछ अधिकारी निलंबित भी किये गए। दरअसल, पहली बारिश में गुरुग्राम जिस तरह जलमग्न हुआ, उसने नगर निगम के उन दावों की पोल खोल दी, जिसमें कहा गया था कि मानसून आने से पहले नालों की सफाई और जल निकासी की पूरी तैयारी कर ली गई है। सड़कों पर इतना पानी भरा था कि यातायात ठप होकर रह गया। यही स्थिति दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के तमाम शहरों की भी है। मुंबई व पुणे भी कमोबेश ऐसी ही स्थितियों से दो-चार हैं। दरअसल, सरकार व नगर निगमों में तालमेल के अभाव व जिम्मेदारियों से बचने की प्रवृत्ति ने इस संकट को बढ़ाया है। नगर निगमों में राजनीतिक दलों की अनावश्यक दखल और ठेकदारों को राजनीतिक संरक्षण समस्या को जटिल बनाती है। सही बात यह है कि नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों की निगरानी करने वाला और उनकी जवाबदेही तय करने वाला कोई तंत्र विकसित नहीं हो पाया। यही वजह है कि न तो बरसाती पानी की निकासी की कारगर व्यवस्था हो पाती है और न ही जलभराव से मुक्ति के लिये पानी निकालने वाले पर्याप्त पंपों की खरीद। योजनाएं सिर्फ कागजों पर ही बनती हैं, जो पहली मानसूनी बारिश में ही बह जाती हैं। दरअसल, पिछले दिनों बारिश के पैटर्न में जो विश्वव्यापी बदलाव आया है, उसके हिसाब से बहुत कम समय में बहुत ज्यादा पानी बरस जाता है जो किसी भी शहर में बाढ़ जैसे हालात पैदा कर सकता है। इस चुनौती से निपटने के लिये राष्ट्रीय स्तर पर रणनीति तैयार करने की जरूरत है। साथ ही स्थानीय निकायों को इसके लिये प्रशिक्षित करने की भी जरूरत है। दरअसल, हमें ग्लोबल वार्मिंग के चलते मौसम के मिजाज में आ रहे बदलावों के अनुरूप खुद को ढालना होगा।

# तलवारबाजी में भवानी का सफर थमा, टेबल टेनिस में शरत कमल ने तीसरे दौर में बनाई जगह

**टोक्यो।** भारतीय फेंसर सीए भवानी देवी ने अपने पहले ओलंपिक अभियान में शानदार शुरूआत की और महिला व्यक्तिगत महिला व्यक्तिगत साब्रे के अपने शुरूआती दौर के मुकाबले में जीत हासिल कर इतिहास रच दिया लेकिन दूसरे मुकाबले में हार के साथ उनका सफर समाप्त हो गया।

27 साल की भवानी ने ट्यूनीशिया की नादिया बेन अजीजी को 15-3 से हराकर राउंड आफ 32 में प्रवेश किया और ओलंपिक में कोई मैच जीतने वाली भारत की पहली तलवारबाज बन गई लेकिन अगले राउंड में भवानी को फ्रांस की मेनोन ब्रुनेट के हाथों 7-15 से हार मिली।

यह एक ऐतिहासिक दिन था जब भारत ने ओलंपिक में तलवारबाजी में अपनी शुरूआत की। यह एक ऐसा खेल है, जो 1896 से ही ग्रीष्मकालीन खेलों में का हिस्सा है। इसी को ध्यान में रखते हुए भवानी ने पहला मैच जीता और फिर दूसरे मैच में विश्व की तीसरे नम्बर की खिलाड़ी मेनोन को कड़ी टक्कर दी।

मकुहारी मेस्से हॉल में एक सतर्क शुरूआत करते हुए, भवानी ने मेनोन को जोरदार टक्कर दी। पहले राउंड में 2-9 से पीछे होने के बावजूद भवानी ने हार नहीं मानी और एक समय स्कोर को 6-11 तक ले गई लेकिन अंततः फ्रांसीसी खिलाड़ी ने अपने अपार अनुभव का प्रयोग करते हुए भवानी को हार मानने पर विवश कर दिया।

इसी तरह पहले मैच में भवानी ने अजीजी को हमले की शुरूआत करने का मौका दिया लेकिन बाद में भवानी ने ट्यूनीशियाई को असहज करते हुए अंक पॉकेट में डालने के लिए बार-बार पिन किया। तलवारबाजी में, राईट ऑफ वे नियम का उपयोग यह निर्धारित करने के लिए किया जाता है कि दोनों एथलीटों के स्पर्श दर्ज करने की स्थिति में किस फेंसर को अंक दिए जाते हैं। इस नियम के तहत हमले की शुरूआत करने वाले फेंसर को प्राथमिकता दी जाती है।

अपने बचाव के दम पर दुनिया की 42वें नंबर की भवानी देवी ने अपने प्रतिद्वंद्वी की बढ़त को रद्द कर दिया। भारतीय ने फर्स्ट पीरियड के समाप्त होने तक 8-0 की लीड ले ली। दूसरे में, भवानी देवी ने हमला किया और अपनी जीत पर मुहर लगाने के लिए अपनी इच्छा से ओपनिंग की। चेन्नई, तमिलनाडु में जन्मी, भवानी देवी ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय फेंसर हैं। भवानी देवी एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय भी हैं।

## भारतीय फैंस की उम्मीदों को बड़ा झटका, टेबल टेनिस के तीसरे दौर में हारीं मनिका बत्रा

**टोक्यो।** भारतीय खिलाड़ी मनिका बत्रा तोक्यो ओलंपिक खेलों की टेबल टेनिस प्रतियोगिता के महिला एकल में सोमवार को यहां आस्ट्रिया की सोफिया पोलकानोवा से सीधे गेम में हारकर बाहर हो गईं। इससे पहले अपने से अधिक रैंकिंग की खिलाड़ियों को हराने वाले मनिका के पास विश्व में 16वें नंबर की पोलकानोवा के नियंत्रित और दमदार खेल का कोई जवाब नहीं था। उन्होंने 0-4 (8-11, 2-11, 5-11, 7-11) से यह मैच गंवाया। मनिका इससे पहले अचंता शरत कमल के साथ मिश्रित युगल में भी बाहर हो गई थी। वहीं, दूसरी ओर टेबल टेनिस में अपना चौथा ओलंपिक खेल रहे अचंता शरत कमल ने शुरू में पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करते हुए टोक्यो ओलंपिक खेलों की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में सोमवार को यहां पुरुष एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन महिला एकल में सुतिर्था मुखर्जी सीधे गेम में हारकर बाहर हो गई। शरत कमल ने 49 मिनट तक चले इस मैच में पुर्तगाल के 20वीं वरीयता प्राप्त टियागो अपोलोनिया को 4-2 (2-11, 11-8, 11-5, 9-11, 11-6, 11-9) से जीत दर्ज की।

## गोल्ड में तब्दील हो सकता है मीराबाई चानू का सिल्वर मेडल, चीन की वेटलिफ्टर का होगा डोप टेस्ट

**टोक्यो।** पूरे देश को गौरवान्वित करने वाली वेटलिफ्टर मीरा बाई चानू को उसी मुकाबले में स्वर्ण पदक मिल सकता है जिसमें उन्होंने रजत पदक जीता था। दरअसल उस मुकाबले की स्वर्ण पदक विजेता चीन की वेटलिफ्टर हाऊ झिहू को डोप टेस्ट के लिए रोका गया है। एंटी डोपिंग अथारिटी की तरफ से किए जाने वाले इस टेस्ट में अगर चीन की वेटलिफ्टर हाऊ झिहू फेल होती हैं तो फिर मीराबाई चानू का रजत स्वर्ण में बदल जाएगा। टेस्ट होने व रिजल्ट आने तक वेटलिफ्टरों को टोक्यो में ही रुकने के लिए कहा गया है। उल्लेखनीय है कि चीन की होऊ झिऊई ने कुल 210 किलो (स्नैच में 94 किलो, क्लीनऔर जर्क में 116 किलो) वजन उठा कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया था जबकि इंडोनेशिया की ऐसाह विंडी कांटिका ने कुल 194 किलो वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया जबकि चानू ने क्लीन एंड जर्क में 115 किलो और स्नैच में 87 किलो से कुल 202 किलो वजन उठाकर पदक अपने नाम किया। चानू को यह सफलता कर्णम मल्लेश्वरी के 2000 के सिडनी ओलंपिक्स में 69 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतने के 20 साल बाद आयी है मल्लेश्वरी ओलम्पिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं। इस कामयाबी के साथ चानू ने 2016 के पिछले रियो ओलंपिक्स की बुरी यादों को पीछे छोड़ दिया जब वह क्लीन एन्ड जर्क में अपने तीनों प्रयासों में नाकाम रही थीं। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक चीन की होऊ झिहुई ने कुल 210 किग्रा (94+116) वजन उठाकर जीता जबकि इंडोनेशिया की ऐसाह विंडी कांतिका ने 194 किग्रा (84+110) वजन उठाकर जीता।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से बीमा के प्रावधान भी जुड़ने चाहिए : सीआईआई

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) को नए सिरे से पेश करने की वकालत की है। उद्योग मंडल ने कहा कि पीएमएवाई को नए सिरे से पेश कर इसमें अनिवार्य रूप से सभी ऋणदाताओं के लिए ऋण से जुड़े जीवन बीमा के प्रावधान को जोड़ने की जरूरत है। इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि प्रमुख कर्जदार की मृत्यु होने या दिव्यांगता की स्थिति में भी सभी को घर प्रदान करने का लक्ष्य भटकेगा नहीं। भारत 2022 में अपनी आजादी के 75 साल पूरे कर रहा है। पीएमएवाई सभी के लिए घर का सरकार का महत्वाकांक्षी मिशन है। उद्योग मंडल ने बयान में कहा कि इस योजना में पहले से बीमा का प्रावधान जोड़ा नहीं गया है। ऐसे में यह योजना कर्ज लेने वाले की मृत्यु या दिव्यांगता के जोखिमों को पूरा नहीं करती है। सीआईआई ने कहा कि यदि योजना में बीमा को जोड़ दिया जाता है, तो सभी परिस्थितियों में सभी के लिए घर के लक्षित लाभ को हासिल किया जा सकेगा। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा, पीएमएवाई योजना को नए सिरे से पेश करने की जरूरत है। इसमें पहले से बीमा का प्रावधान होना चाहिए। इससे किसी कर्जदार की मृत्यु होने या उसके दिव्यांग होने पर भी हम इस योजना के सभी के लिए घर के लक्षित लक्ष्य को पूरा कर सकेंगे।

## त्वचा की समस्याओं के लिए रामबाण है नारियल का तेल, जानिए कैसे

नारियल तेल का इस्तेमाल सदियों से किया जा रहा है. पहले के समय में भी त्वचा से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा दिलाने के लिए नारियल तेल का इस्तेमाल किया जाता है. इसमें कई तरह के पोषक तत्वों होते हैं. इसमें विटामिन्स और मिनरल्स की भरपूर मात्रा होती है. आप इसका इस्तेमाल बालों को मजबूत करने के लिए कर सकते हैं. आइए जानते हैं नारियल तेल त्वचा के लिए कितना फायदेमंद है.

**मेकअप रिमूवर-** अगर आप पूरा दिन मेकअप लगाकर रखते हैं तो त्वचा के लिए नुकसानदायक है. हमेशा रात को सोने से पहले मेकअप को अच्छे से हटाकर सोना चाहिए. भले ही आपके मेकअप में नेचुरल इंग्रीडिएट क्यों न हों. अगर आप बाहर से मेकअप क्लींजर नहीं खरीदना चाहती हैं तो नारियल तेल को रूई में डालकर इस्तेमाल कर सकती हैं और नेचुरल मेकअप रिमूवर के रूप में इस्तेमाल कर सकती है.

**मॉश्चराइजर-** अगर आपकी स्किन ड्राई हैं तो एक चम्मच नारियल तेल आपके लिए मॉश्चराइजर की तरह काम करता है. आपको बस रात को लगाकर सोना है और सुबह ग्लोइंग त्वचा पाएं. अगर आपकी त्वचा एक्ने प्रोन हैं तो तेल का इस्तेमाल न करें. इससे आपकी समस्या बढ़ सकती हैं.

**डैंड्रफ से पाएं छुटकारा-** ये बालों के लिए बहुत फायदेमंद होता है. इसमें एंटी माइक्रोबियस और एंटीफंगल गुणों से भरपूर होता है. ये स्कैल्प से रूसी को कम करने में मदद करता है. आप नारियल तेल में टी ट्री ऑयल की एसेंशियल बूंदे डाल दें और अपने स्कैल्प पर लगाएं. इस उपाय को कुछ दिनों तक करने से समस्या दूर हो जाएगी.

**झड़ते बालों से छुटकारा दिलाता-** आप झड़ते बालों से छुटकारा पाने के लिए नारियल तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके लिए आपको एवोकाडो में मैशड केला डालना है और इस हेयर मास्क को लगाने के बाद हेयर प्रॉब्लम्स से छुटकारा मिल जाएगा.

## आज का राशिफल

मेषः- आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। परिवार का माहौल आनंदमय रहेगा और परिजनों का सहयोग मिलेगा।

वृषभ :- आज का दिन आर्थिक दृष्टि से काफी अच्छा रहेगा। कारोबार में धनलाभ की स्थिति रहेगी। आय के स्रोत बढ़ाने के प्रयास सफल होंगे।

मिथुन :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च की भी अधिकता रहेगी।

कर्क :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ रहेगा। लेन-देन में सावधानी बरतें। धर्म-कर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी।

सिंह :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, लेकिन कार्यों की सफलता से धनलाभ की स्थिति रहेगी।

कन्या :- आज का दिन सामान्य रहेगा। जरूरी कार्य समय पर पूरे होंगे। सामाजिक कार्यों के प्रति रूझान बढ़ेगा। स्वास्थ्य की अनदेखी न करें।

तुला :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आकस्मिक धनलाभ की प्राप्ति हो सकती है। प्रॉपर्टी और शेयर बाजार में निवेश लाभदायक रहेगा।

वृश्चिक :- आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यवसाय-धंधे में लाभ की स्थिति रहेगी। किसी नये कार्य की शुरुआत कर सकते हैं।

धनु :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में धन प्राप्ति के योग हैं। परिवार के किसी उत्सव में खर्च की अधिकता रहेगी।

मकर :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में दूसरों पर भरोसा न करें। अपनी मेहनत पर विश्वास करें और आगे बढ़ते रहें। अपने प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगी।

कुम्भ :- आज का दिन अच्छा रहेगा। आय के स्रोतों में वृद्धि में होगी, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। सकारात्मक सोच व आत्मविश्वास कार्यों में सफलता दिलाएगा।

मीन :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। बुजुर्गों के आशीर्वाद से व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति बनेगी। नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

## करण जौहर ने बनाई रणवीर-आलिया की जोड़ी, 2022 में आएगी फिल्म

करण जौहर ने अपनी अगली फिल्म का ऐलान कर दिया है. इस फिल्म का टाइटल है रॉकी और रानी की प्रेम कहानी करण जौहर खुद इस फिल्म को डायरेक्ट करेंगे. करण जौहर ने इस फिल्म के लिए रणवीर सिंह और आलिया भट्ट को लीड रोल में साइन किया है. इस प्रोजेक्ट का ऐलान करते हुए करण ने कहा कि ये फिल्म 2022 में थिएटर्स में रिलीज होगी. बता दें कि कल ही करण जौहर ने खुद ऐलान किया था कि वो 5 साल बाद डायरेक्शन में लौट रहे हैं. कुछ कुछ होता है से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाले करण जौहर आज देश के सबसे बड़े फिल्ममेकर बन गए हैं.

इस फिल्म को करण जौहर की कंपनी धर्मा प्रोडक्शन के राइटर्स इशिता मोइत्रा, सुमित रॉय और शशांक खेतान ने लिखा है. शशांक खेतान करण जौहर से लंबे वक्त से जुड़े हैं और अब वो करण जौहर की फिल्मों के प्रोड्यूसर भी बन गए हैं.

करण जौहर ने कल अपनी बॉलीवुड करियर के बारे में बात करते हुए बताया था कि कैसे उन्होंने धर्मा प्रोडक्शन, धर्माटिक, धर्मा कॉर्नरस्टोन कंपनी के साथ-साथ धर्मा 2.0 को लॉन्च किया है. करण ने आज अपनी कंपनियों को देश की सबसे बड़ी फिल्म पावरहाउस प्रोडक्शन कंपनी बना दिया है. हाल ही में उन्होंने टैलेंट मैनेजमेंट कंपनी डीसीए लॉन्च की थी.

## कुकड़ा के लिए सोनाक्षी सिन्हा ने मिलाया रितेश देशमुख से हाथ

इन दिनों बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में एक के बाद एक कई फिल्मों का ऐलान किया जा रहा है। अब इसी बीच एक और फिल्म का ऐलान कर दिया गया है। ये एक हॉरर कॉमेडी फिल्म होने वाली है। जिसका टाइटल कुकड़ा रखा गया है। इस फिल्म में मुख्य किरदार के रूप में रितेश देशमुख और सोनाक्षी सिन्हा नजर आने वाले हैं। आरएसवीपी ने आज इस फिल्म का ऐलान भी कर दिया गया है और फिल्म की शूटिंग भी आज से शुरू हो चुकी है। फिल्म में रितेश देशमुख और सोनाक्षी सिन्हा के अलावा साकिब सलीम भी अहम रोल में दिखाई देने वाले हैं।

फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोत्दार करने वाले हैं। ये उनकी पहली हिंदी फिल्म है इससे पहले वो कई मराठी फिल्मों का निर्माण कर चुके है। अगर हम बात करें फिल्म कुकड़ा की तो ये एक गांव में एक अजीब अभिशाप पर आधारित कहानी है।

## दूध के साथ मिलाकर बनाएंगे लौकी

लौकी बेहद पौष्टिक होती है। इसके साथ दूध का कांबिनेशन जबरदस्त स्वाद देता है। यहां एक बात हमेशा याद रखना चाहिए कि जिन व्यंजनों में दूध का इस्तेमाल किया जाता है उनमें नमक सबसे अंत में मिलाना चाहिए।



### सामग्री :

लौकी, घी, सौंफ, जीरा, हल्दी, हरी मिर्च, धनिया पाउडर, दूध, नमक और सजावट के लिए हरी धनिया।

### विधि :

कड़ाही को आंच पर चढ़ाएं। इसमें घी डालें। जब यह गर्म हो जाए तो इसमें सौंफ और जीरा डालकर तड़कने दें। कटा प्याज और हरी मिर्च डालकर सुनहरा होने तक भूनें। अब हल्दी, धनिया डालकर कुछ देर भूनें। जब मसाले पक जाएं तो लौकी के टुकड़े डालकर पकाएं। जब लौकी पक जाए तो इसमें दूध मिलाएं और कुछ देर पकाएं। सबसे अंत में नमक मिलाएं और आंच से उतार लें। दूध वाली लौकी को हरी धनिया से सजाकर परोसें।

## शब्द सामर्थ्य- 152

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 151 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

## सू-दोकू- 152

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.151 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |